**लाभुक का नाम– अजीत कुमार**
आवेदन सं0– CMEBC20218581073153
परियोजना – रेडिमेड गारमेन्ट्स
यूनिट– पूजा इन्टरप्राईजेज
लोकेशन– मठ मझरिया, सहोदरा रोड, गौनाहा
जिला– पश्चिम चम्पारण

## वरदान साबित हुआ योजना

पश्चिम चम्पारण जिला के गौनाहा प्रखण्ड अन्तर्गत मठ मझरिया निवासी अजीत कुमार गरीबी की मार झेलते हुए किसी तरह इंटर की पढ़ाई पूरी करने के बाद परिवार के सामने रोजी रोटी की समस्या मुंह बाये खड़ी थी। पिताजी खेतिहर मजदूर थे। कोई स्थायी रोजगार नहीं था। अजीत कुमार ने रोजगार की तलाश करना शुरू किया। अपने परिचितों एवं सगे–संबंधी से भी सुझाव एवं मार्गदर्शन लिया किन्तु कुछ कर पाने की स्थिति में अपने को नहीं पाया। अजीत कुमार की सोच थी कि कोई स्वरोजगार किया जाय। इसी दौरान उद्योग विभाग, बिहार सरकार की मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के बारे में पता चला। आवेदन करने के पश्चात अजीत का अंतिम रूप से चयन हो गया। रेडीमेड गारमेन्ट्स हेतु उद्यम स्थापना के लिए उन्हें तीन किस्तों में 10.00 लाख रूपये की सहायता मिली। पूजा इन्टरप्राइजेज के नाम से फर्म स्थापित हुआ, कुल 8 कारीगारों द्वारा लोअर, टी–शर्ट, प्लाजो आदि बनाया जाने लगा। अपने प्रोडक्ट को बेतिया, नरकटियागंज, बगहा के स्थानीय दुकानदारों को बेचने के साथ–साथ फ्लिपकार्ट पर रजिस्टर्ड कराया। फ्लिपकार्ट के माध्यम से अपने उत्पाद को दिल्ली, उत्तर प्रदेश, प0 बंगाल, उड़ीसा, गुजरात, हरियाणा आदि राज्यों में बेचा जा रहा है और अच्छी कमाई इनके द्वारा की जा रही है। अब इनका जीवन खुशहाल है तथा दूसरे को रोजगार देकर उनका जीवन भी खुशहाल कर रहे हैं। अजीत कुमार के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी योजना वरदान साबित हुआ।

Scanned with OKEN Scanner